






नवभारत
इंदौर, रविवार, 3 मई 2026




## एक नजर में

### नीमच में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, काम से घर लौटने के बाद अचानक बिगड़ी तबीयत



**नीमच।** सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम अरनिया मानगिर में एक 37 साल के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक शुक्रवार शाम काम से घर लौटा था, जिसके कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के अनुसार, मृतक की पहचान अरनिया मानगिर निवासी शक्ति सिंह (37) पिता लक्ष्मण सिंह निर्वाण के रूप में हुई है। शक्ति सिंह शुक्रवार दोपहर किसी काम से बाहर गए थे और शाम को घर लौटे। शाम करीब 7 बजे अचानक उनकी तबीयत खराब होने लगी। घबराए परिजन उन्हें तुरंत नीमच जिला अस्पताल ले गए। जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद शक्ति सिंह को मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह नीमच सिटी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। डॉक्टरों की ओर पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

### दिगंबर संतों का भव्य मंगल प्रवेश, गूंजे 'जय गुरुदेव' के जयकारे, समाज के श्रावक-श्राविकाओं ने किया स्वागत

**नीमच।** दिगंबर जैन संतों का भव्य मंगल प्रवेश शनिवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मुनि वैराग्य सागर जी महाराज एवं मुनि सुप्रभ सागर जी महाराज का नगर आगमन ऐतिहासिक माहौल में हुआ। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विजय विनायका जैन के बरूखेड़ा स्थित फार्म हाउस से दोनों मुनिराजों का विहार प्रारंभ हुआ, जो सुबह 7 बजे कलेक्टर चौराहे पर पहुंचा। यहां समाज के श्रावक-श्राविकाओं ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद कलेक्टर चौराहे से मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैंड-बाजे, हाथी-घोड़े और सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह-जगह समाजजनों ने मुनिराजों का पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। 'जय गुरुदेव' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा का समापन 40 के पीछे स्थित श्री दिगंबर जैन पारसनाथ मंदिर पर हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस आयोजन ने पूरे शहर में धर्म और आस्था का माहौल बना दिया।

### संवेदनशील पहल : रिनोवेशन से परेशान छात्राओं को कलेक्टर ने दिलाया नया आशियाना

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की संवेदनशील पहल से पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास की छात्राओं की आवास संबंधी समस्या का तत्काल समाधान हो गया है। समस्या का निराकरण : 36 नंबर स्कीम में संचालित पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास में मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य जारी होने के कारण छात्राओं को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री चंद्रा ने तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश दिए। शनिवार को छात्राओं ने कलेक्टर से भेंट कर रिनोवेशन कार्य के कारण हो रही परेशानी बताते हुए अन्यत्र रहने की व्यवस्था करने की मांग की थी। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला संयोजक को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। नई व्यवस्था : कलेक्टर के निर्देशानुसार पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास की सभी बालिकाओं के लिए आनंद विहार के पास संचालित अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास क्रमांक-1 में आवासीय व्यवस्था की गई है। जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में छात्राओं को तत्काल प्रभाव से नए छात्रावास में शिफ्ट कर समुचित सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। अब छात्राएं सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण में रहकर अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी। कलेक्टर श्री चंद्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रिनोवेशन कार्य पूर्ण होने तक छात्राएं नए छात्रावास में रहेंगी।

### भीषण गर्मी से पेड़ पौधों की सुरक्षा के लिए पर्यावरण मित्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**नीमच।** प्रदूषित वातावरण एवं पर्यावरण कि कमी से वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भीषण गर्मी से तापमान में निरन्तर वृद्धि आमजन एवं शहरवासियों के लिए घातक सिद्ध हो रही है, आमजन एवं शहरवासियों को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त शुद्ध वायु आक्सीजन प्राप्त हो इसी उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच निरन्तर अभियान चला कर शहर से गांव तक स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्य में विगत 11 वर्षों से निस्वार्थ भावना से सेवारत हैं, अभियान के तहत संस्था सदस्यों ने शनिवार दिनांक 2 मई 2026 को प्रात: 7 से 10 बजे तक गांधी नगर स्थित ग्रीन बेल्ट पार्ट एक स्मृति वन परिसर में पेड़ पौधों को आग से बचाने हेतु परिसर से प्लास्टिक पोलेथिन थैलियां पन्नी गन्दे फटे पुराने कपड़े, पतझड़ आदि अलग अलग एकत्रित कर ढेर लगाए इसके पश्चात रोपित पोधो को बाल्टियो से पानी पिलाया , इस अवसर पर संस्था संरक्षक इंजिंनियर नवीन कुमार अग्रवाल अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति स्वाति गोरव चोपड़ा से मोबाइल पर बात कर अनुरोध किया है कि संस्था द्वारा शहर में जो नगर वन बनाएं गए हैं उनकी सुरक्षा हेतु पर्याप्त तार फेसिंग की जाएं व परिसर के चारों ओर लगे सिमेंट पोल एवं पेड़ो के नीचे रंग रोगन किया जाए ताकि शहर की सुंदरता बढ़ने से स्वच्छता सर्वेक्षण में नीमच शहर को अतिरिक्त लाभ से प्रथम पायदान पर आएं, संस्था द्वारा पुर्व में ट्रीचिगं ग्राउंड भोलियावास में भी 500 से अधिक फलदार छायादार फुलदार ओषधि युक्त पोंधे रोपित किए गए थे जो आज पेड़ का आकार ले चुके हैं उन पेड़ों के नीचे भी रंग बिरंगा रंग रोगन किया जाए। इंजीनियर नवीन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव दुलीचंद कनेरिया, कोषाध्यक्ष रमेश मोरे, जगदीश शर्मा, सुकुमार आगार, केशव सिंह चौहान आदि ने पेड़ पौधों की सुरक्षा हेतु 3 घंटे श्रमदान कर सहभागिता निभाई।

### पिकअप की टक्कर से युवक की मौत, नीमच के रामपुरा में सड़क हादसा, महिला गंभीर घायल, चालक फरार

**नीमच।** जिले के रामपुरा क्षेत्र में शनिवार को दोपहर एक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। यह दुर्घटना बैसला और बुज गांव के बीच हुई, जब एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, बैसला निवासी कृष्ण कहार अपनी बाइक से नानू बाई कहार के साथ जा रहे थे। इसी दौरान बैसला और बुज के बीच पशु आहार से लदे एक पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिकअप की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे बाइक सवार को संभलने का मौका नहीं मिला। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार कृष्ण कहार की मौके पर ही मौत हो गई। नानू बाई कहार गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घायल नानू बाई को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए नीमच जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। महिला के शरीर पर कई गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन रावली कुड़ी की ओर जा रहा था। सूचना मिलने पर रामपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद बैसला गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# नीमच में कटे-फटे बारदान, किसान-कर्मचारी परेशान





**नीमच। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के दौरान किसानों और कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। माहेश्वरी तोल केंद्र पर अव्यवस्थाओं के चलते किसानों को अपनी उपज तुलवाने के लिए छह-छह घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है।**

भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच लंबी कतारें लग रही हैं। अपनी बारी जल्दी आने की उम्मीद में कई किसान तो रात के अंधेरे में ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर केंद्र पर पहुंच रहे हैं। दोपहर होते-होते ट्रैक्टरों की लंबी लाइनें लग जाती हैं, जिससे किसानों का धैर्य जवाब देने लगता है।

प्रशासन ने तुलाई की गति बढ़ाने के लिए पांच छोटे कांटों पर एक साथ काम शुरू किया है। हालांकि, गेहूं की भारी आवक के दबाव के आगे यह व्यवस्था भी नाकाफी साबित हो रही है। इस बार खरीदी प्रक्रिया में सबसे बड़ी समस्या बारदाने की गुणवत्ता बनी हुई है। बताया जा रहा है कि जिले में पहुंचे लगभग 18 हजार बारदानों में से हर दूसरा बारदाना कटा-फटा और बेहद खराब स्थिति में है।

**परेशानी आ रही सामने:** माहेश्वरी वेयरहाउस पर टोल केंद्र के प्रबंधक हरिशंकर नागदा ने बताया कि बोर फटे हुए आ रहे हैं। अलग-अलग जगह से फटने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन किसानों को कोई परेशानी ना आए इसलिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर तोल प्रक्रिया तेजी से की जा रही है।

#### थप्पी लगाते समय फट रहे बोरे...

इन फटे हुए कट्टों के कारण तुलाई के वक्त गेहूं जमीन पर बिखर रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके अलावा, गेहूं भरने के बाद उन्हें सिलने में भी परेशानी आ रही है। वेयरहाउस में बोरियों की थप्पी लगाते समय फटे होने के कारण गेहूं निकलने और स्टॉक गिरने का खतरा भी बना हुआ है, जिससे वेयरहाउसिंग प्रबंधन के लिए इन्हें संभालना एक बड़ी चुनौती बन गया है। जवासा से आए किसान भानु प्रताप ने बताया कि वह अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। वह एक दिन पूर्व ही शाम को 7 बजे ट्रैक्टर लेकर खरीदी केंद्र पर पहुंचे थे। अगले दिन सुबह 10 बजे वापस पहुंचे हैं, जिनका तोल का नंबर करीब 2 बजे के लगभग आया है।

# दवाओं की ऑनलाइन बिक्री के विरोध में केमिस्ट रखेंगे बंद

- जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने देशव्यापी बंद में प्रदेश के साथ जिले में बंद का निर्णय

**नीमच।** देश भर में दवाओं की अनियंत्रित, अप्रमाणित ढंग से ऑनलाइन बिक्री, कार्पोरेट कंपनियों द्वारा अनुचित डिस्काउंट और नकली दवाओं के बढ़ते कारोबार के विरोध स्वरुप नीमच जिले मे 20 मई को मेडिकल स्टोर को बंद रहेगे। यह निर्णय 'आल इंडिया आर्गनाइजेशन आफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन नीमच द्वारा लिया गया है।

नीमच जिला केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष सजय किलेवाला व सचिव राकेश पटवा, व अजय तिवारी संयुक्त रूप से बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर हुई बैठक में देशभर के सभी प्रदेशों के केमिस्ट संगठनों ने एक साथ में इस बंद का समर्थन किया है। प्रदेश व जिला पदाधिकारी ने बताया कि आनलाइन फार्मेसी न केवल छोटे और मध्यम वर्ग के दवा व्यापारियों के रोजगार को खत्म कर रही, बल्कि ऑनलाइन बिक्री में दोषपूर्ण पद्धति से दवा विक्रय किया जाता है द्य जिसके कारण दवा खुदरा व्यापार पर संकट के साथ ही नकली दवाओं को कापणे की घटनाओं से आमजन का स्वास्थ्य भी संकट में आ रहा है द्य नीमच जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने 20मई को जिलेभर के दवा व्यापारी के हड़ताल पर रहने की जानकारी दीं है द्य क्योंकि ऑनलाइन दवा बिक्री में दवाओं की गुणवत्ता और उनकी निगरानी पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। संगठन ने मांग की है कि नकली और अवैध दवाओं का कारोबार करने वालों के खिलाफ प्रशासन को सख्त कदम उठाएं। व्यापारियों का तर्क है कि बिना डाक्टर के परामर्श और सही स्टोरेज मानकों के आनलाइन बिकने वाली दवाएं जनस्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकती हैं। इस तरह नीमच जिले की दवा व्यापार 20 मई 2026 को बंद रहने की सूचना जारी करते हुए आम जन से अपील की है कि वे अपनी बीपी शुगर सहित इमरजेंसी की आवश्यकता वाली दवाइयां एक-दो दिन पूर्व खरीद कर रख ले द्य ताकि उन्हें परेशानी ना हो,साथ ही दोषपूर्ण ऑनलाइन दवा व्यापार को बंद करने के लिए दवा व्यापारियों का सहयोग करें।

# भीषण गर्मी में प्याऊ का उद्घाटन

**नीमच। भीषण गर्मी को देखते हुए भारत विकास परिषद, सुभाष शाखा, नीमच द्वारा जनसेवा के अंतर्गत शहर में दो स्थानों पर जल मंदिरों का शुभारंभ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**




कार्यक्रम के अंतर्गत पहला जल मंदिर बाटा शोरूम, नीमच तथा दूसरा जल मंदिर एच.एम. कोठारी ट्रेवल्स, प्राइवेट बस स्टैंड, नीमच पर प्रारंभ किया गया। दोनों जल मंदिरों का शुभारंभ परिषद परिवार के लाभार्थी परिवारों द्वारा किया गया। बाटा शोरूम स्थित जल मंदिर का शुभारंभ मनीष कुमार-आशीष कुमार गर्ग परिवार द्वारा तथा एच.एम. कोठारी ट्रेवल्स स्थित जल मंदिर का शुभारंभ दिनेश बैरागी परिवार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों एवं आमजन को शीतल जल उपलब्ध कराना एक महत्वपूर्ण सेवा है। परिषद का यह प्रयास समाज सेवा की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

कार्यक्रम में परिषद के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही तथा सभी ने इस सेवा कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष मनीष गर्ग, सचिव प्रमोद मालू, कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, महिला प्रमुख संध्या राठी सहित ललित राठी, सुनील खंडेलवाल, सतीश पाटीदार, अनिल पांडे, अनिल कोठारी, संतोष बंसल, मनीष माहेश्वरी, प्रवीण जैन, पवन रामावत, दिनेश बैरागी, अरविंद ढींगरा, अशोक सिंघल, सुरेश शर्मा उपस्थित रहे। महिला वर्ग से पूनम गर्ग, मीनाक्षी मालू, आशा ढींगरा एवं सीमा बैरागी की विशेष उपस्थिति रही।

# बरखेड़ा कामलिया में श्रमदान कर की नदी की सफाई

- प्रस्फुटन समिति और छात्रों ने नदी को पुनर्जीवन के लिए किया सामूहिक श्रमदान

**नीमच। 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ब्लॉक जावद के ग्राम बरखेड़ा कामलिया में नदियों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से सामूहिक श्रमदान एवं साफ-सफाई अभियान चलाया गया।**



**श्रमदान का आयोजन:** प्रस्फुटन समिति, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता और विद्यार्थियों द्वारा ग्राम बरखेड़ा कामलिया स्थित राम जानकी मंदिर के पास बहने वाले खाल की साफ-सफाई की गई। अभियान का उद्देश्य वर्षा जल के अविरल प्रवाह को सुनिश्चित कर नदी तंत्र को पुनर्जीवित करना है।

**सहभागिता :** इस श्रमदान कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर खाल से कचरा, झाड़-झंखाड़ एवं अवरोध हटाए।

**अभियान का उद्देश्य :** 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत जिले में जल संरचनाओं के संरक्षण, संवर्धन एवं पुनर्जीवन का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। जन भागीदारी से हो रहे इन प्रयासों से भू-जल स्तर में वृद्धि तथा भविष्य में जल संकट के समाधान में मदद मिलेगी। जन अभियान परिषद द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने आस-पास की जल संरचनाओं की स्वच्छता एवं संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# नीमच में जर्जर पब्लिक मूत्रालय पर बवाल

- हिंदू युवा वाहिनी ने सौंपा ज्ञापन, प्रशासन ने दिया कार्रवाई का भरोसा

**नीमच। शहर में धार्मिक आस्था और स्वच्छता से जुड़ा एक मामला अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। टैगोर मार्ग स्थित एक जर्जर सार्वजनिक मूत्रालय को लेकर विरोध शुरू हो गया है। राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी की प्रदेश मंत्री एवं महिला जिला अध्यक्ष दिया गोयल के नेतृत्व में संगठन ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।**



शनिवार को राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी के बैनर तले बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ता जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने कलेक्टर हिमांशु चंद्रा से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि टैगोर मार्ग स्थित विद्युत कार्यालय क्रमांक 40 के पीछे बना सार्वजनिक मूत्रालय बेहद जर्जर और गंदगी से भरा हुआ है। यहां असामाजिक तत्वों द्वारा खुले में पेशाब करने और शराब पीकर अशोभनीय गतिविधियां करने की शिकायतें भी सामने आई हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि इस स्थान के ठीक सामने लगभग 100 साल पुराना भगवान श्रीराम मंदिर और दिगंबर जैन समाज का धार्मिक स्थल मौजूद है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और बच्चे आते-जाते हैं।

प्रदेश मंत्री एवं महिला जिला अध्यक्ष दिया गोयल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि। यह स्थिति न केवल स्वच्छता के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचा रही है। महिलाओं और बच्चों को यहां से गुजरने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने मांग की कि इस जर्जर मूत्रालय को तुरंत हटाया जाए और यदि नया निर्माण किया जाए तो उसका प्रवेश द्वार टैगोर मार्ग की ओर रखा जाए, मंदिर मार्ग की ओर नहीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जांच कर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं नगर पालिका सीएमओ दुर्गा बामनिया ने भी सफाई के लिए टीम भेजने और बाउंड्री वॉल ऊंची करवाने की बात कही है। साथ ही नए शौचालय निर्माण में ज्ञापन के सुझावों को ध्यान में रखने का भरोसा दिया गया है।

# नीमच में बेकाबू होकर पलटी तूफान गाड़ी, दो की मौत

**नीमच।** नीमच-झालावाड़ मार्ग पर शनिवार दोपहर को एक तेज रफ्तार तूफान वाहन बेकाबू होकर पलट गया। इस दुर्घटना में वाहन चालक और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर घायल को नीमच रेफर किया गया है। हादसे में 7 लोग घायल हो गए। वाहन में करीब 10 लोग सवार थे।

**मन्नत पूरी कर लौट रहे थे श्रद्धालु:** शनिवार दोपहर को मनासा के सावन कुंड गांव में आयोजित मन्नत कार्यक्रम में शामिल होकर गायरी गुर्जर समाज के लोग भानपुरा के ग्राम अंतरालिया लौट रहे थे। इस दौरान पटेल श्री होटल के पास दोपहर करीब 2 बजे बैंसला घाट के पास वाहन अचानक बेकाबू होकर पलट गया।

**दो की मौत, घायलों में दो मासूम:** हादसे में 55 वर्षीय सोहन बाई और 40 वर्षीय चालक भारत चौहान की मौके पर ही जान चली गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तुरंत वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में 7 लोग घायल हो गए, जिनमें दो मासूम



बच्चे भी शामिल हैं। दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए रामपुरा के सिविल अस्पताल ले जाया गया। एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर उसे नीमच जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि 5 अन्य का रामपुरा में उपचार जारी है।

**लोग बोले- देरी से पहुंची एंबुलेंस:** सूचना मिलने पर रामपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एंबुलेंस के देरी से पहुंचने के कारण घायलों को अस्पताल ले जाने में मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**एक नजर** — विधायक दिलीप सिंह परिहार के आतिथ्य में मनाया लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

# नीमच में आंगनवाड़ी केंद्रों पर किया लाड़ली लक्ष्मी बेटियों का स्वागत

**नीमच।** 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' के अवसर पर शनिवार को नीमच जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया गया। जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में आंगनवाड़ी केंद्रों को आकर्षक ढंग से सजाकर लाडली बेटियों और उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया।

परियोजना नीमच शहरी का मुख्य कार्यक्रम विधायक दिलीप सिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत लाडली बेटियों को तिलक लगाकर की गई। विधायक परिहार ने बेटियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



**प्रमाण पत्र वितरण:** नव पंजीकृत लाडली लक्ष्मियों को योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**लाडली संवाद:** आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बालिकाओं और उनके माता-पिता को शिक्षा के महत्व एवं बाल विवाह जैसी कुरीतियों की रोकथाम के लिए जागरूक किया।

**बेटियों ने किया संचालन:** कार्यक्रम का संचालन लाडली लक्ष्मी बालिका तनुश्री पाठक ने किया । लाडली लक्ष्मी संगठन की अध्यक्ष बालिका पूर्वी ने किए गए कार्यों की जानकारी दी।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

उत्सव के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों पर बेटियों ने गीत-संगीत और कविताओं की मनमोहक प्रस्तुति दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया कि नीमच जिले में लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ पात्र बालिकाओं तक सुगमता से पहुंचाया जा रहा है। आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर बेटी का स्वास्थ्य और शिक्षा का स्तर बेहतर हो। उपस्थित माताओं को लाडली लक्ष्मी योजना 2 .0 के नए प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि वे अपनी बेटियों के उच्च शिक्षा के सपनों को पूरा कर सकें। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती दीपिका नामदेव ने आभार व्यक्त किया। जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया गया।